**CBSE Class–5 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 17.**

**छोटी-सी हमारी नदी**

**तुम्हारी नदी**

**प्रश्न 1. तुम्हारी देखी हुई नदी भी ऐसी ही है या कुछ अलग है? अपनी परिचित नदी के बारे में छुटी हुई जगहों पर लिखो -**

........... सी हमारी नदी .......... ......... धार

गामीयों में ........... ........... , .... .... जाते पर

**उत्तर- उजली** सी हमारी नदी **तेज इसकी** धार

गर्मियों में **इसके पानी में घुसकर** जाते पार

**प्रश्न 2. कविता में दी गई बातों के आधार पर अपनी परिचित नदी के बारे में बताओ-**

***धार, *पाट, *बालू, *कीचड़, *किनारे, *बरसात में नदी**

**उत्तर- धार** - हमारी परिचित नदी की धार कुछ धीमी हो गई है|

**पाट** - हमारी परिचित नदी की पाट ढालू है|

**बालू** - इस नदी में बहुत-सा बालू है|

**कीचड़** - इस नदी के किनारों पर कीचड़ और रेत भी है|

**बरसात में नदी** - बरसात में इस नदी में पानी अधिक भर जाता है|

**प्रश्न 3. तुम्हारी परिचित नदी के किनारे क्या-क्या होता है|**

**उत्तर-** हमारी परिचित नदी के किनारे लोग पूजा - पाठ करते हैं| कुछ लोग मछलियां पकड़ते हैं| बच्चे यहाँ नहाते हैं तथा दूसरें लोग अपने-अपने अन्य काम करते हैं| जैसे कपड़े धोना आदि |

**प्रश्न 4. तुम जहाँ रहते हो, उसके आस-पास कौन –कौन सी नदियाँ हैं| वे कहाँ से निकलती है और कहाँ तक जाती है? पता करो|**

**उत्तर-** हमारे आस-पास गंगा, यमुना नामक दो नदियाँ हैं| ये हिमालय पर्वत से निकलकर समुद्र में मिलती हैं|

**कविता के बाहर**

**प्रश्न 1. इस किताब में नदी का जिक्र और किस पाठ में हुआ है? नदी के बारे में क्या लिखा है?**

**उत्तर-** इस किताब में नदी का जिक्र ‘नदी का सफर’ पाठ में हुआ है| जिसमें नदी के उद्गम, मुहाने, जलप्रपात, उसके मार्ग, गति तथा उससे बनने वाली घाटियों का वर्णन किया गया है|

**प्रश्न 2. नदी पर कोई और कविता खोजकर पढ़ो और कक्षा में सुनाओ|**

**उत्तर- बहता जल**

नदी का जल
बहता कलकल
है ये बिल्कुल स्वच्छ और निर्मल
बच्चे नहाते इसमें हर पल
कहीं उछलकर
कहीं मचलकर
बहती रहती है समतल

**प्रश्न 3. नदी में नहाने के बारे में तुम्हारा क्या अनुभव है?**
**उत्तर-** नदी में नहाने के बाद एक अलग ही ताजगी मिलती है| नदी में नहाकर हर प्रकार की थकावट मिट जाती है और शरीर में चुस्ती और फुर्ती आ जाती है|

**प्रश्न 4. क्या तुमने कभी मछली पकड़ी है अपने अनुभव साथियों के साथ बाँटो|**
**उत्तर-** नदी के किनारे हम घूमने गए थे| वहाँ हमने एक मछुआरे से काँटा लेकर मछली पकड़ी| हमे मछली पकड़ना बहुत अच्छा लगा| लेकिन हमने मछली पकड़ने के बाद उसे वापस नदी में छोड़ दिया, मछुआरा मछली माँगता रहा पर हमने उसे नहीं दी क्योंकि हम उसे मारना नहीं चाहते थे|

---


**यह किसकी तरह लगते हैं?**
**प्रश्न 1. नदी की टेढ़ी-मेढ़ी धार?**
**उत्तर-** नदी की टेढ़ी-मेढ़ी धार साँप की तरह लगती है|

**प्रश्न 2. किचपिच-किचपिच करती है मैना?**
**उत्तर-** किचपिच-किचपिच करती मैना नन्ही-सी चिड़िया जैसी लगती है|

**प्रश्न 3. उछल-उछल के नदी में नहाते कच्चे-बच्चे?**
उत्तर- उछल-उछल के नदी में नहाते कच्चे-बच्चे मेंढकों की तरह लगते हैं|

---

**कविता और चित्र**
**· कविता से पहले पद को दुबारा पढ़ो | वर्णन पर ध्यान दो | इसे पढ़कर जो चित्र तुम्हारे मन में उभरा उसे बनाओ| बताओ चित्र में तुमने क्या - क्या दर्शाया?**
**उत्तर-**



**प्रश्न 1. इस कविता के पद में कौन-कौन से शब्द तुकांत हैं? उन्हें छाँटो|**

**उत्तर-** इस कविता के पद में निम्नलिखित शब्द तुकांत है-

धार-पार, चालू-ढालू, नाम-धाम, दार-सियार, वन-सघन, लें-ढालें, नहाना-छाना, रेती-देतीं, उतराती-दंनाती, कोलाहल-चंचल, रोला-टोला|

**प्रश्न 2. किस शब्द से पता चलता है कि नदी के किनारे जानवर भी जाते थे?**

**उत्तर-** 'पार जाते ढोर डंगर' से पता चलता है कि नदी के किनारे जानवर भी जाते थे|

**प्रश्न 3. इस नदी के तट की क्या खासियत थी?**

**उत्तर-** इस नदी की खासियत ये है कि इसके तट ऊँचे थे|

**प्रश्न 4. अमराई दूजे किनारे …….. चल देतीं|**

**कविता की ये पंक्तियाँ नदी किनारे का जीता - जगता वर्णन करती हैं | तुम भी निम्नलिखित में से किसी एक का वर्णन अपने शब्दों में करो-**

**· हफ्ते में एक बार लगाने वाला हाट**

**· तुम्हारे शहर या गाँव की सबसे ज्यादा चल - पहल वाली जगह**

**· तुम्हारे घर की खिड़की या दरवाजे से दिखाई देने वाला बाहर का दृश्य**

**· ऐसी जगह का दृश्य जहाँ कोई बड़ी इमारत बन रही हो**

**उत्तर-** हफ्ते में एक बार लगने वाला हाट

हमारे घर के पास मंगलवार के दिन बाज़ार हर सप्ताह लगता है| इसमें कपड़े, खिलौने, सब्जियाँ तथा अन्य जरूरी सामान मिलता हैं| हम अपने माता-पिता के साथ बाज़ार घूमने जाते हैं| बाज़ार में काफी भीड़ होती है| सभी लोग यहाँ अपनी जरूरत की चीजें खरीदते है| इससे बाज़ार लगाने वाले कई लोगों का जीवन चलता हैं|

**प्रश्न 5. तेज़ गति शोर मोहल्ला धूप किनारा घना**

**ऊपर लिखे शब्दों के लिए कविता में कुछ ख़ास शब्दों क इस्तेमाल किया गया है| उन शब्दों को नीचे दिए अक्षर्जाल में ढूँढो|**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घा | म | | वे | |
| | | | ग | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | टो | | |
| | रो | ला | | पा |
| स | घ | न | | ट |

**उत्तर- तेज गति** - वेग

**शोर** - रोला

**मोहल्ला** - टोला

**धूप** - घाम

**किनारा** - पाट

**घना** - सघन